THE INSTITUTE OF
Company Secretaries of India
भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान
IN PURSUIT OF PROFESSIONAL EXCELLENCE
Statutory body under an Act of Parliament
(Under the jurisdiction of Ministry of Corporate Affairs)

प्रेस विज्ञप्ति

ब्यूरो के प्रमुख 25 फरवरी, **2022**

कंपनी सचिव परीक्षाओं के दिसंबर, 2021, के परिणाम घोषित

दिसंबर, 2021 में आयोजित कंपनी सचिवों की परीक्षाओं के प्रोफेशनल प्रोग्राम और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (पुराने और नए पाठ्यक्रम) के दिसंबर, 2021 का परिणाम आज, यानी 25 फरवरी, 2022 को नई दिल्ली में घोषित किया गया और संस्थान के देश के सभी कार्यालयों में जारी कर दिया गया। ICSI ने संस्थान की वेबसाइट - www.icsi.edu पर विषय-वार ब्रेक-अप के साथ-साथ परिणाम उपलब्ध कराने के अलावा, एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षा के परीक्षार्थियों द्वारा ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट डाउनलोड करने की सुविधा भी दी है ।

प्रोफेशनल प्रोग्राम (ओल्ड सिलेबस) परीक्षा के मॉड्यूल - I में 35.55 प्रतिशत अभ्यर्थी, मॉड्यूल - II में 28.57 प्रतिशत और मॉड्यूल - III में 36.07 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि प्रोफेशनल प्रोग्राम (न्यू सिलेबस) परीक्षा के मॉड्यूल - I में 27.38 प्रतिशत अभ्यर्थी, मॉड्यूल-II में 20.37 प्रतिशत और मॉड्यूल-III में 41.26 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं ।

हैदराबाद परीक्षा केंद्र से आदित्य सोनी और इंदौर परीक्षा केंद्र से श्रुति नागर ने क्रमशः प्रोफेशनल प्रोग्राम (ओल्ड सिलेबस) और प्रोफेशनल प्रोग्राम (न्यू सिलेबस) परीक्षा में ऑल-इण्डिया फर्स्ट रैंक प्राप्त किया है।

एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (ओल्ड सिलेबस) परीक्षा के मॉड्यूल-I में 18.11 प्रतिशत अभ्यर्थी और मॉड्यूल-II में 14.57 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (न्यू सिलेबस) परीक्षा में 9.64 प्रतिशत अभ्यर्थी मॉड्यूल - I में और 21.91 प्रतिशत अभ्यर्थी मॉड्यूल - II में उत्तीर्ण हुए हैं ।

भिलाई परीक्षा केंद्र से आदित्य जैन और कोलकाता परीक्षा केंद्र से चिराग अग्रवाल
ने क्रमश: एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (ओल्ड सिलेबस) और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (न्यू सिलेबस) की परीक्षा में ऑल-इण्डिया फर्स्ट रैंक प्राप्त किया है।

कंपनी सचिवों के प्रोफेशनल प्रोग्राम और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम की अगली परीक्षाएँ बुधवार, 1 जून, 2022, से शुक्रवार, 10 जून, 2022 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन 25 फरवरी, 2022 से जमा किया जा सकता है ।

प्रीति कौशिक बनर्जी
निदेशक
कॉर्पोरेट संचार और अंतर्राष्ट्रीय मामले
दूरभाष: 011-4534 1022
ई-मेल: preeti.banerjee@icsi.edu